


## रोटरी क्लब बड़वानी ने मुस्कान ग्रुप इंदौर के सहयोग से कराया बड़वानी का प्रथम देहदान



**बड़वानी।** शहर के अग्रवाल समाज के जगदीश गुप्ता की सास के निधन की सूचना नातिन पल्लवी गुप्ता ने सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को दी और मर्चुरी बॉक्स के लिए बोला। अजित जैन ने बताया कि परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। वहीं परिजनों को प्रेमा देवी द्वारा देहदान का शपथ पत्र का ध्यान आने पर उन्होंने देहदान की बात रखी। जिस पर डॉ चक्रेश पहाडिया एवं रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने पहले नेत्रदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई एवं कॉर्निया एमके इंटरनेशनल बैंक इंदौर पहुंचाया। सचिव ललित जैन ने परिजनों से नेत्रदान का सहमति पत्र भराया। इसके बाद अजित जैन द्वारा मुस्कान ग्रुप इंदौर के संदीपन आर्य एवं जीतू बगानी से चर्चा कर देहदान की प्रक्रिया सम्पन्न की। इंदौर से आई एम्बुलेंस में पार्थिव देह को रखकर इंदौर चोइथराम हॉस्पिटल पहुंचाया। इंदौर में रोटरी क्लब अध्यक्ष अशोक दोसी एवं सदस्य डॉ पहाडिया एवं मुस्कान ग्रुप के सदस्य चोइथराम हॉस्पिटल समय पूर्व पहुंच गए, जो देह को हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सुपूर्द करेंगे। पार्थिव देह को श्रद्धांजलि देने के लिए सांसद गजेन्द्र सिंग पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष, विक्रम चौहान, मधुबन कॉलोनी परिवार और अग्रवाल समाज के सदस्य उपस्थित थे। देहदान प्रक्रिया में पुत्री बिना गुप्ता, जगदीश गुप्ता, पन्नालाल परमार, भारत सूर्यवंशी, डॉ हेमंत बारचे, आनंद मारु, संयुक्त कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम भूपेंद्र रावत का सहयोग रहा।

## जन–जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर नशे के विरूद्ध सघन जन–जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एसपी जगदीश डावर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की आदतों से बचाना, समाज को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं सामूहिक प्रयासों से नशामुक्त वातावरण का निर्माण करना है। 15 जुलाई सुबह 11 बजे कारंजा तिराहा से एक विशाल जन–जागरूकता रैली से अभियान का शुभारंभ होगा। रैली में एनसीसी, स्काउट्स एंड गाईड्स, विद्यार्थी, शिक्षक, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं और पुलिस बल सहभागिता करेंगे। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए नशा मुक्ति के नारों व पोस्टरों के साथ जनमानस को संदेश देगी। रैली के समापन के बाद योगेश्वर नर्सिंग कॉलेज में एक जन–जागरूकता होगा। जिसमें नशे के दुष्परिणामों, बचाव व पुनर्वास विषयों पर वक्ताओं द्वारा संवाद होगा। वहीं विद्यार्थियों द्वारा निबंध, स्लोगन, पोस्टर, भाषण प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। पुलिस ने अपील की है कि इस नशा मुक्ति अभियान में पूरे उत्साह से भाग ले और समाज को नशामुक्त बनाने की मुहिम को सफल बनाए।

## लंबे इलाज से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर .** पारिवारिक तनाव के चलते चार महीने पहले एसिड पी चुके एक बुजुर्ग ने इलाज से उपजी शारीरिक पीड़ा से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामला रावजी बाजार थाना क्षेत्र के केसर का बगीचा इलाके का है, जहां पीड़ित ने अपने घर में यह कदम उठाया. मृतक की उम्र लगभग 59 वर्ष थी और उसने मार्च माह में पारिवारिक विवाद के चलते एसिड पी लिया था. तब से उसका लगातार उपचार चल रहा था. एसिड से आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचने के कारण डॉक्टरों ने उसे नाक के जरिए लिक्विड डाइट देने के लिए फीडिंग ट्यूब लगा दी थी. परिजनों का कहना है कि एसिड पीने के बाद से ही वह लगातार तकलीफ में था और नली लगने के बाद शारीरिक व मानसिक तौर पर और अधिक टूट चुका था. इसी मानसिक तनाव में उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. घटना के बाद परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. रावजी बाजार थाना प्रभारी रक्तांबर प्रशाद शुक्ला का कहना है कि मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरु कर दी है. पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है.

## भट्टे सरकार बालाजी पर श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

**महू .** स्थानीय भट्टी सरकार बालाजी मंदिर परिसर में चल रही 9 दिवसीय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया. कथा स्थल को सुंदर रूप से सजाया गया था और श्रीराम जन्म के पावन अवसर पर राम जन्म की लीला का भव्य मंचन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. युवाचार्य श्री अभिषेक कृष्ण जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि राम जैसे गुणों वाला ही सच्चा मानव है। प्रातः उठकर जो माता, पिता और गुरु को नमन करता है, वही श्रेष्ठ है. रावण जैसे अहंकारी स्वभाव के लोग राक्षस प्रवृत्ति के होते हैं, जिनमें मर्यादा, भक्ति और सेवा नहीं होती. उन्होंने आगे कहा राम को जानने के लिए हमें पहले सिद्ध बनना होगा, और सिद्ध बनने के लिए शुद्ध बनना आवश्यक है। शुद्धता के लिए प्रबुद्ध होना होगा और प्रबुद्धता के लिए विवेक चाहिए, जो केवल सत्संग से ही प्राप्त होता है. कथा के अंत में भक्तों ने श्रीराम जन्म की आरती की और प्रसाद वितरण के साथ चतुर्थ दिवस की कथा का सानंद विश्राम हुआ.

## रेल्वे स्टेशन प्रबंधक महू से सांसद प्रतिनिधि मिले

**महू .** रेलवे की विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को सांसद प्रतिनिधि ने रेलवे प्रबंधक से मुलाकात की. राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार के मार्गदर्शन में महू रेल्वे स्टेशन प्रबंधक सुरेंद्र कुमार शुक्ला से सांसद प्रतिनिधि मोहन सिंह रघुवंशी ने उनके ऑफिस में मिलकर समस्याओं से अवगत कराया, जिनमें महू रेल्वे स्टेशन की पुरानी टिकट खिड़की बंद कर देने से वृद्ध एवं असहाय लोगों को नई टिकट खिड़की पर कई सीढ़ियां चढ़कर जाने में आ रही कठिनाइयों के करण पुरानी टिकट खिड़की पुनः प्रारंभ की जावे ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके. साथ ही रेल्वे स्टेशन पर समय पर ट्रेन खड़ी नहीं होनेऔर ट्रेन के संबंध में समय के पूर्वअनाउंस नहीं होने के कारण यात्रियों को गाड़ी में बैठने में आ रही परेशानी को देखते हुए ट्रेन समय पर खड़ी कराकर उसकी जानकारी समय के पूर्व यात्रियों को दी जाए. नवीन रेलवे स्टेशन पर बने शौचालय बंद होने के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुए उन्हें तुरंत खोला जाए. टिकट खिड़की पर क्यूआर काम नहीं करने की दशा में टिकट खरीदते समय खुले पैसे की समस्या आने से यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था की जानकरी ली जाए. रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेन समय के पूर्व से आकर खड़ी रहने से जाने वाली ट्रेन को जगह नहीं मिलने से हो रही परेशानी को देखते हुए उसे अन्यत्र कड़ी करवाई जाए. उक्त सभी समस्याओं के संबंध विस्तार सेचर्चा की गई जिस पर रेल्वे स्टेशन प्रबंधक ने उक्त सभी समस्याओं का तुरंत निराकरण करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर उनके साथभाजपा नेता पूनम कैथवास, कैलाश वर्मा आदि उपस्थित थे.

## पौधारोपण करना परमार्थ का कार्य

**देपालपुर .** तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान एवं सर्राफा एसोसिएशन देपालपुर के द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर के मनकमल पार्श्वनाथ तीर्थ परिसर में आयोजित हुआ. कार्यक्रम में अनेक फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया गया साथ ही साथ वृक्षों एवं वर्षों से होने वाले लाभों के बारे में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया. कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश हिदायतुल्ला खान द्वारा बताया गया कि वृक्ष हमारे लिए बहुत आवश्यक हैं. वृक्षारोपण करना एक तरह परमार्थ कार्य है. कार्यक्रम में सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जिला न्यायाधीश खान का पुष्प माला से स्वागत कर मनकमल पार्श्र्वनाथ तीर्थ का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. इस दौरान सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नेम कुमार जैन, सचिव अंकित सोनी, मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल, संरक्षक अनिल सोनी सांवेर वाले, सदस्य नितिन गोयल सहित न्यायालय के नायब नाजिर दिलीप यादव एवं नगर के गणमान्य नागरिक अखिलेश रावल पार्षद गुड्डू ठाकुर पंकज जैन, लखन पटेल आदि मौजूद रहे. संचालन मनोज अग्रवाल ने किया. आभार प्रदर्शन नेम कुमार जैन द्वारा माना.

# पातालेश्वर महादेव मंदिर में पानी में डूबा रहता है शिवलिंग

### आसपास के ग्रामों से प्रतिदिन पहुंचते हैं श्रद्धालु, सावन सोमवार में पुजन-दर्शन के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं सैकड़ों शिवभक्त

**निवाली, (नवभारत)।**

जिले का निवाली क्षेत्र कभी ऐतिहासिक जमाने से शैव (शिव) संप्रदाय का बड़ा तीर्थ स्थल रहा होगा। ऐसा इस बात से कहा जा सकता है कि यहां पर बडवानी रोड़ पर पांच किलोमीटर वझर एवं वझर से तीन किलोमीटर पर फुलजुवारी इसी प्रकार सेंधवा रोड़ पर निवाली से आठ किलोमीटर पर बुधगांव यह तीन गांव फुलजुवारी वझर व बुधगांव ऐसे गांव है। जहां खेतों में पुरातत्व संपदा अकुत मात्रा में बिखरी पड़ी है।

अभी हम बात कर रहे हैं वझर से तीन किलोमीटर दूर फुलजुवारी गांव की वैसे यह गांव बड़वानी जिले का क्षेत्रफल की दृष्टी से सबसे बडी पंचायत है यहां की जनसंख्या अनुमान से 6/7 हजार होगी। यहां के सरपंच ईकराम खरते बताते हैं कि उनके दादा ने यहां खेती में छोटी सी टेकडी पर उगे झाडीयो को हटाने व साफ-सफाई के दौरान पत्थरों से बना कुछ दिखाई देने पर गांव के लोगों ने खोदाई करने पर मंदिर दिखाई दिया और गुंबद के आसपास खोदाई व सफाई करने पर जमीन के अंदर मंदिर निकला और आसपास बहुत सारे उकेरे हुए पत्थर खंडीत प्रतिमाएं निकली जो यह मंदिर जमीन के 10-15 फिट नीचे होने से पातालेश्वर महादेव मंदिर का नाम दिया गया। यहां शिवलिंग पानी में डुबा रहता है शिवलिंग के पीछे तीन फिट ऊपर आले में तीन मुंह की प्रतिमा है जिसे ब्रह्माजी की प्रतिमा बताई जाती है और शिवजी के मंदिर में ब्रह्माजी की प्रतिमा यह शायद भारतवर्ष का मध्यप्रदेश मे स्थित इकलौता मंदिर है, जिसमें यहां आसपास कई प्रतिमाएं बिखरी हुई थी जिन्हें ग्रामीणों ने थोड़ा सुधार करते हुए ओटला चबुतरे बना कर व्यवस्थित जमा दिया है।

इसे डेहरी फलिया भी कहते हैं निवाली से राजपुर स्टेट हाईवे पर पलसुद रोड पर निवाली से 8 किलोमीटर दुर स्टेट हाईवे पर मंदिर का बोर्ड लगा है मुख्य सड़क से तीन किलोमीटर अंदर यह मंदिर है आसपास के गांवों के दर्शनार्थी दस बीस प्रतिदिन आते हैं सावन माह में यह संख्या बढ़ जाती है सावन सोमवार में सैकड़ों शिवभक्त पर्यटक दूर-दूर से दर्शन पुजन के लिए आते हैं।

वझर गां की पुरातत्व संपदा प्राचीन प्रतिमाओं के रूप में पुरातत्व विभाग में दर्ज है वही बड़वानी मार्ग पर निवाली से 5 किलोमीटर वझर गांव है जिसकी आबादी एक अनुमान के अनुसार लगभग 7/8 हजार होगी यहा पर 1980 शासकीय महाविद्यालय बडवानी के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं का शिविर लगा था तब यहा के हनुमान जी के मंदिर के आसपास साफ-सफाई के दौरान खोदाई करते समय प्राचीन खंडीत मुर्तिया निकलनी प्रारंभ हुई जो 200 से अधिक ही रही होगी।

हनुमान जी का मंदिर सात आठ फिट के ऊंचाई के ओटले पर बना है मंदिर के दोनों तरफ जलाधारी शिवलिंग निकले थे बांयी तरफ जलाधारी विशाल है पास ही साढे तीन फिट ऊंचाई लगभग चार फिट के व्यास का विशाल शिवलिंग भी निकला था जिस पर छोटे-छोटे 1008 शिवलिंग (खोदे) उकेरे हुए हैं। वझर में एक काले पत्थर पर छोटी-छोटी खजुराहो शैली में संभोगरत दो तीन चित्र उकेरे हुए हैं व ही विशाल नंदी शिव पार्वती कि प्रतिमाएं, पार्वती जी की गोद में बैठ कर बाल स्वरूप गणेश जी दुध पीते हुए की प्रतिमाएं भी है विशाल तीन फिट के गणेशजी विष्णुजी कुबेर जी यक्ष यक्षीणी, व्दारपाल जानवरों के शिकार करती चित्रण उकेरे हैं वहीं बुद्ध व महावीर स्वामी की प्रतिमा भी खोदाई में मिली थी साथ ही यहां पर खोदाई के दौरान एक लगभग 20/25 गहरी सीढ़ीयों वाली बावड़ी भी निकली थी इस बावड़ी मे ही अधिकांश प्रतिमाएं निकली थी। हनुमान जी के मंदिर के पास जो बडी जलाधारी है उसके नीचे जमीन पोली है दरार के अंदर देखने पर एक और मंदिर होने की संभावना लगती है पुरातत्व विभाग को एक बार फिर से यहां पर और आसपास के खेतों में खोदाई करे तो इस तरह की पुरातत्व संपदा मिलने की संभावना है। कुछ वर्षों पूर्व यहां पर एक हाल बनाकर संग्रहालय का रूप देकर कुछ प्रतिमाओं को हाल में बेदी के ऊपर रखा गया है कुछ प्रतिमाएं अभी भी धूप बरसात में क्षतिग्रस्त हो रही है।

**दर्शन के लिए आते भक्त**

- सावन में दर्शन के लिए आते हैं सैकड़ों शिवभक्त।
- खुदाई करने पर दिखाई दिया मंदिर।

**एक नजर में** — सुरक्षा का अभाव और मूलभूत सुविधाओं की कमी, दो अधीक्षिकाओं को हटाने के दिए निर्देश

## छात्रावास में अनियमितताएं, आयोग अध्यक्ष ने जताई सख्त नाराजगी

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा 15 जुलाई.**

कन्या परिसर छात्रावास में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं और गड़बड़ियों पर अब उच्च स्तर से सख्ती शुरू हो गई है। अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने सोमवार को सेंधवा स्थित कन्या परिसर का निरीक्षण कर वहां की स्थिति को गंभीरता से लिया। इस दौरान मिली भारी अनियमितताओं को देखते हुए उन्होंने दोनों छात्रावास अधीक्षिकाओं सुलोचना मंशारे और सावित्री सहते को तत्काल हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

छात्राओं ने सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में गार्ड की तैनाती की मांग की। वहीं प्राचार्य द्वारा ट्यूबवेल के लिए मोटर पंप की आवश्यकता



जताई गई। अंतरसिंह आर्य ने छात्राओं से आदिवासी भाषा में संवाद किया और उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह परिसर सेंधवा में ही बने, इसके लिए बतौर मंत्री रहते हुए उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर अधिकारियों के विरोध के बावजूद इसे स्वीकृत कराया। छात्राओं ने जब उनके इस प्रयास की सराहना की तो मुस्कराते हुए आर्य ने कहा फिर भी चुनाव में मुझे हरा दिया गया। उन्होंने छात्राओं को समझाते हुए कहा कि समय बदल रहा है, इसलिए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर कड़ी मेहनत करें। आर्य ने छात्राओं को डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य पेशे में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आदिवासी समाज को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों का जिक्र करते हुए आर्य ने कहा कि कुछ लोग गलत प्रचार कर रहे हैं कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं, जबकि रामायण में इसका स्पष्ट उदाहरण है। भगवान राम ने वनवास के दौरान आदिवासी राजा निशादराज से आत्मीयता से मिलकर उन्हें सम्मानित किया था। हम सब राम के वंशज हैं। इसी कड़ी में आर्य ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में इंदौर में आदिवासी युवाओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, ताकि समाज में जागरूकता फैलाई जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी अब आप युवाओं की है। जाते-जाते उन्होंने छात्राओं से अपील की कि जब भी वे अपने घर जाएं तो एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम से जरूर लगाएं। छात्राओं ने सहमति में हामी भरी। कन्या परिसर की व्यवस्थाओं में पूर्व में भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ चुकी हैं, जिन्हें अब नजर अंदाज नहीं किया जाएगा। छात्राओं की सुरक्षा व बुनियादी जरूरतों की दिशा में जल्द सुधार की उम्मीद की जा रही है।

**किया निरीक्षण**

अंतरसिंह आर्य ने सोमवार को सेंधवा सिति कन्या परिसर का निरीक्षण किया।

## शिव डोला निकला



**निवाली।** सकल हिन्दू समाज द्वारा इस वर्ष भी सावन माह में नगर के श्रीराम मंदिर से सेंधवा रोड़ होते हुए पिपलेश्वर महादेव मंदिर पलसूद रोड़ से पलसूद रोड़ स्थित शिव टेकड़ी शिव मंदिर में शिव डोला निकला। प्रथम शिव डोला मंदिर चौक से निकला, द्वितीय शिव डोला पंचमुखी हनुमान मंदिर गुमड़िया रोड़ से निकलेगा, तीसरा शिव डोला साई मंदिर से निकलेगा, चौथा शिव डोला मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर खेतिया रोड़ से निकाला जाएगा। शिव डोले में महिला और पुरुष शामिल थे।

# क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर रोजाना एक ठगी का शिकार

### छह माह में साइबर ठगों ने उड़ाए लाखों, क्राइम ब्रांच के पास पहुंचीं 180 शिकायतें

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.साइबर ठगी का एक पुराना तरीका आज भी शहर में लोगों को लगातार शिकार बना रहा है. ठग क्रेडिट कार्ड बंद होने या अपडेट करने के नाम पर रोजाना किसी न किसी को निशाना बना रहे हैं. वर्ष 2025 के पहले छह माह में इंदौर क्राइम ब्रांच के पास ऐसे 180 मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों से दस हजार से लेकर एक लाख रुपए तक की ठगी की गई है.**

ठग खुद को बैंक अधिकारी बताकर कॉल या मैसेज करते हैं और लोगों को भरोसे में लेकर उनसे ओटीपी साझा करवा लेते हैं. जैसे ही ओटीपी दिया जाता है, तुरंत बैंक खाते से रकम उड़ जाती है. अधिकांश पीड़ितों को जब तक ठगी का अहसास होता है, तब तक उनके खाते से राशि निकल चुकी होती है. क्राइम ब्रांच सूत्रों ने बताया कि ठगों द्वारा उपयोग किए जा रहे बैंक खाते आमतौर पर किराए पर लिए गए होते हैं या किसी अन्य के नाम पर फर्जी दस्तावेजों से खोले जाते हैं. ठग खाते में आई रकम को या तो एटीएम से निकाल लेते हैं या फिर अन्य खातों में ट्रांसफर कर ऑनलाइन खरीदारी कर डालते हैं. इस वजह से मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर रहते हैं और कार्रवाई केवल खाताधारकों तक सीमित रह जाती है. हालांकि, समय रहते शिकायत करने पर पुलिस संबंधित बैंक खाते को ब्लॉक कर राशि बचा भी लेती है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग अब भी सतर्कता के अभाव में ठगी का शिकार हो रहे हैं.




**साइबर पाठशाल से लोगों को कर रहे जागरूक**

पुलिस द्वारा 'साइबर पाठशालाएं' लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, फिर भी यह तरीका लगातार कारगर बना हुआ है. विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी अनजान कॉल पर ओटीपी साझा न करें और क्रेडिट कार्ड संबंधित अपडेट के लिए केवल अधिकृत बैंक चैनलों का ही उपयोग करें.

# हेलमेट को बनाया कवच, कर रहा खुद की सुरक्षा

- पड़ोसी से हैं जान का खतरा, सिस्टम से उठा भरोसा
- वायरल हुआ युवक का अजीबो-गरीब इंतज़ाम
- पुलिस ने कहा- जांच करेंगे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. जब कानून नहीं सुने, सुरक्षा के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिले और जान का डर हर दिन पीछा करे, तो इंसान खुद ही सुरक्षा का इंतज़ाम करने पर मजबूर हो जाता है. गौरी नगर के रहने वाले एक युवक ने भी कुछ ऐसा ही किया उसने अपनी जान की हिफाजत के लिए सिर पर लगाया कैमरा कवच.**

इन दिनों गौरीनगर में बाइक पर घुम रहा एक युवक अचानक कौतुहल का विषय बन गया. यह युवक अब जब भी घर से बाहर निकलता है, तो सिर पर हेलमेट पहनता है, लेकिन यह सिर्फ सड़क हादसों से बचने के लिए नहीं, बल्कि पड़ोसी हमलावरों की हरकतें रिकॉर्ड करने के लिए है. क्योंकि उसे डर है कि एक दिन उसके साथ कुछ बड़ा हो सकता है, और शायद उस वक्त सबूत ही



उसकी सबसे बड़ी ढाल बनेगा. युवक ने इलाके के तीन लोगों सतीश चौहान, बलिराम चौहान और मुन्ना चौहान पर जानलेवा धमकियों और लगातार प्रताड़ना का आरोप लगाया है. मामले में पता चला है कि इनके साथ संपत्ति से जुड़ा विवाद लंबे समय से चल रहा है. युवक का कहना है कि ये तीनों उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे चुके हैं. पुलिस को कई बार शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. थक-हारकर युवक ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और अपने हेलमेट कवच की तस्वीरें और वीडियो वहां साझा कर दिए. युवक का यह 'हाईटेक सुरक्षा उपाय' सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है. लोग कह रहे हैं कि यह हेलमेट जितना हाईटेक दिखता है, सिस्टम उतना ही फेल नजर आता है. कई यूजर्स ने इसे 'व्यवस्था पर तमाचा' बताया है, जहां नागरिक खुद को बचाने के लिए इस हद तक जाने को मजबूर हैं.

**परिवार अब भी खौफ में**

जब इस मामले में स्थानीय पुलिस से पूछा गया, तो जवाब मिला मामले की जांच की जा रही है. हालांकि युवक और उसका परिवार अब भी खौफ के साए में है और उम्मीद लगाए बैठा है कि शायद अब किसी कार्रवाई की शुरुआत होगी... या शायद अगला वीडियो किसी बड़ी घटना का सबूत बन जाए.

# निर्माण कार्य के दौरान मजदूर की मौत

- ठेकेदार पर लापरवाही का प्रकरण दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाड़िया क्षेत्र में निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपायों के अभाव में काम कर रहे एक मजदूर की दो सप्ताह पूर्व मौत हो गई थी. जांच के बाद पुलिस ने अब ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही बरतने का प्रकरण दर्ज कर किया है.**

घटना 30 मई की शाम करीब 5 बजे हिल पार्क कॉलोनी, बिजली नगर के पास हुई थी. मृतक मजदूर की पहचान आशिफ पिता दिलावर शाह निवासी मंसूर बाग, खजराना के रूप में हुई थी. वह निर्माण स्थल की दूसरी मंजिल पर काम कर रहा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया था.

मामले में कनाड़िया थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि मृतक को साइट पर काम दिलाने वाला ठेकेदार रजाक पटेल निवासी बडला खजराना है. जांच में सामने आया कि उसने मजदूर को न तो सेफ्टी बेल्ट दी थी और न ही हेलमेट पहनाया गया था. साथ ही जिस जगह आशिफ काम कर रहा था, वहां सुरक्षा के लिए जाली भी नहीं लगी थी.

हादसे के वक्त आशिफ एक स्टूल पर खड़ा होकर पटिए खोल रहा था, तभी स्टूल पलट गया और वह दूसरी मंजिल से सीधे नीचे गिरा. सिर और हाथों में गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण और गवाहों के बयान लेने के बाद ठेकेदार रजाक पटेल के खिलाफ लापरवाही और गैरइरादतन हत्या की धारा में प्रकरण दर्ज कर लिया है, मामले की विस्तृत जांच जारी है.

# चलती ट्रक में चोरी का घटना हुई वायरल, ट्रक ड्रायवरों में दहशत


- दानी घाटी कंजर गिरोह की करतूत का वायरल वीडियो

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नेमावर की ओर जा रही एक तेज़ रफ्तार ट्रक को निशाना बनाकर लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. चापड़ा से करीब तीन किलोमीटर पहले हाईवे पर हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो अब पुलिस जांच का हिस्सा बन गया है. फुटेज देखकर साफ जाहिर है कि यह काम पेशेवर गिरोह का है. अंदेशा जताया जा रहा है कि कुख्यात दानी घाटी के कंजर गिरोह की यह नई करतूत हो सकती है.**

वायरल वीडियो में दो युवक एक बाइक पर ट्रक का पीछा करते नजर आते हैं. एक युवक बाइक से उचककर ट्रक के पिछले हिस्से से लटकता है और फिर बड़ी सफाई से उसकी तिरपाल काटकर ट्रक के अंदर





**संगठिक गिरोह की श्रृंखला का हिस्सा**

सूत्रों का मानना है कि यह कोई अलग-थलग वारदात नहीं बल्कि एक संगठित गिरोह की श्रृंखला का हिस्सा हो सकती है. पुलिस अब दानी घाटी इलाके में सक्रिय गिरोहों पर नजरें गड़ा चुकी है. जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या यह गिरोह प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह की ट्रक लूट की वारदातों को अंजाम दे चुका है. संभावना है कि आने वाले दिनों में गिरोह के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई हो सकती है.

घुस जाता है. चलती ट्रक में लदा माल गाड़ी से नीचे गिरा देता है, जिसे पीछे चल रही बाइक पर सवार दूसरा युवक उठाकर भाग जाता है. कुछ ही मिनटों में ट्रक से हजारों रुपए का माल गायब कर दिया गया. ड्रायवर को भनक तक नहीं लगी. इस हाईवे स्टाइल लूट की वारदात को जिस तरह अंजाम दिया, उससे जाहिर है कि आरोपियों ने पहले से ट्रक को निशाना बनाया था और रूट की भी रेकी की थी. ट्रक चालकों के मुताबिक, दानी घाटी के आसपास इस तरह की वारदातें पहले भी हुई हैं, लेकिन इतनी सफाई से कैमरे में कैद यह पहली घटना है, जिससे गिरोह के काम करने के तरीके सामने आए हैं. इस घटना के बाद से ट्रक चालकों और ट्रांसपोर्ट यूनियनों में खलबली मची है. उन्होंने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने और गिरोह को जल्द पकड़ने की मांग की है. पुलिस फिलहाल वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

**जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा**

उज्जैन रेंज के आईजी उमेश जोगा का कहना है कि आपके माध्यम से घटना की जानकारी मिली है. उक्त वीडियो को सर्चिंग में लेकर कार्रवाई की जा रही है. जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.